हिसार ज़िले में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर, 2021 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार ज़िले से संबंधित 500 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है।

प्रमुख बिंदु

- इन परियोजनाओं के तहत विभिन्न सड़कों का निर्माण, तालाबों का सुधारीकरण, भवन निर्माण, गलियों का निर्माण तथा गांव ढंढूर स्थित 16,632 एमटी गोदाम एवं कार्यालय का उद्घाटन किया गया है।
- उप-मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के आवागमन की बेहतर सुविधा के लिये 50 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित विभिन्न 20 संपर्क सड़कों का उद्घाटन किया।
- इसके अतिरिक्त 271 किमी. लंबी 33 अन्य सड़कों के सुधारीकरण के कार्य का भी शुभारंभ किया, जिस पर 206 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी।
- उन्होंने 19 करोड़ रुपए की लागत से तीन भवनों के निर्माण कार्य, ग्रामीण क्षेत्र के लिये 126.12 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 26 ग्रामीण ज्ञान केंद्र, 35 आँगनबाड़ी केंद्र, 10 ग्राम सचिवालय, 47 गलियों का निर्माण तथा 15 विभिन्न विकास कार्यों की मरम्मत संबंधी कार्यो का उद्घाटन किया।
- उप-मुख्यमंत्री ने हिसार के दक्षिणी पेरिफेरल रोड पर सातरोड गांव के समीप बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास भी किया। इसके निर्माण कार्य पर 34 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- उन्होंने हिसार हवाई अड्डे पर फेज-3 में कई कार्यों का शिलान्यास किया, जिसमें बुर्जस तथा बार्बेड वायर फेंसिंग कार्य शामिल हैं। इन कार्यों पर 285.89 लाख रुपए की लागत आएगी।
- इसके अतिरिक्त उन्होंने बरवाला में 948.51 लाख रुपए तथा हांसी में 629.91 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नए विश्राम गृह का भी शिलान्यास किया।
- ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधाएँ बेहतर बनाने के लिये उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार-मंगाली-स्याहड़वा तथा अग्रोहा-आदमपुर रोड के फॉरलेनिंग कार्य का शिलान्यास किया।
- इनके अलावा हिसार-खानक रोड, लक्ष्मीबाई चौक से मलिक चौक, हिसार से रायपुर रोडके फॉरलेनिंग कार्य का उद्घाटन किया।
- इस प्रकार हिसार ज़िले में कुल मिलाकर 90 किमी. की 20 से अधिक सड़क मार्गों का उद्घाटन तथा 271 किमी. लंबी 33 सड़कों का शिलान्यास किया किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-and-foundation-stone-laying-of-development-projects-in-hisar-district